# नगर पालिक निगम, राजनांदगांव ( छ.ग. )

## ई-न्यूज

www.mcrjn.com, • E-Mail : nigamrajnandgaon@gmail.com Tel/Fex no : 07744-404893

**संपादक बोर्ड**

**मुख्य संरक्षक**
श्री टी.के. वर्मा (IAS)

**कार्यकारी**
श्री दीपक जोशी

**सहयोगी संपादक**
श्री जयनारायण श्रीवास्तव
श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव
श्री कामना सिंह यादव
श्री यू.एस. वर्मा
श्री देवेन्द्र सोनी
श्री टीकेन्द्र साहू




### कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर निगम का अनुकरणीय पहल-अभिषेक सिंह

### हल्दी में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न,किसानों को कृषि कीट बांटा गया

राजनांदगांव 1 जून। कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को उन्नत खेती करने तकनिकी प्रशिक्षण दिये जाने से किसानों को इसका लाभ मिलेगा और पैदावार में वृद्धि होगी तथा कृषि उपकरण के उपयोग से किसानों को कम समय में अधिक पैदावार प्राप्त होगी। उक्त उदगार सांसद श्री अभिषेक सिंह ने नगर निगम द्वारा हल्दी में आयोजित कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिये। उन्होंने कहा कृषकों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना नगर निगम का अनुकरणीय पहल है। इसके लिये मैं महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूँ। कृषि विशेषज्ञो द्वारा दिये गये इस प्रशिक्षण को अमल में लाना है,तभी इसकी सार्थकता है। उन्होंने हल्दी में हाई स्कूल भवन एवं शिवनाथ नदी के कटाव रोकने तट बंध निर्माण की मांग पर अतिशीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ हल्दी को आदर्श वार्ड बनाने शासन की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन यहा किया जावेगा।

नगर निगम एवं सुनियोजित कृषि विकास केन्द्र द्वारा हल्दी मंगल भवन में आयोजित कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सांसद श्री अभिषक सिंह जी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री मधुसूदन यादव ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी श्री रमेश पटेल,किसान नेता श्री अशोक चौधरी,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा सहित पार्षदगण सर्वश्री पारस वर्मा,अतुल रायजादा,मुकेश बघेल,शंकर पटेल,गप्पू सोनकर,श्रीमती सुनीता साहू,अवधेश प्रजापति,रूपेश साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में गेंदलाल साहू,,अलख चंद्राकर,प्रवीण चक्रधारी,तेजराम पटेल,धनेश निषाद,प्यारी साहू,भगवानदास यादव,शंकर श्रीवास,डिम्पल श्रीवास,गणपत पटेल,देबू साहू,महादेव साहू आदि के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने

कहा कि वित्तीय वर्ष 2015-16 के बजट में किसानों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिये जाने का प्रावधान रखा गया था। जिसके क्रियान्वयन की कड़ी में आज सुनियोजित कृषि विकास केन्द्र के सहयोग से ग्रामीण शहरी युवाओं एवं कृषकों के लिये रोजगार के अवसर विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ह। उन्होंने कहा कि कृषि विशेषज्ञों द्वारा आज किसानों को उन्नत खेती के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं कृषि कीट बाटा जा रहा है। इससे किसानों को उन्नत कृषि करने में फायदा मिलेगा एवं उन्नत तकनिकी से खेती करने में कम समय में ज्यादा पैदावार प्राप्त होगी। निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपनी शुभकामनाएं दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुनियोजित कृषि विकास केन्द्र इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर के प्रमुख अनवेषक डॉ. जी.डो.साहू,वैज्ञानिक श्री आई.के.साहू एवं प्रध्यापक श्री एस.के.साहू द्वारा कृषकों को उन्नत खेती करने के संबंध में जानकारी दी गयी एवं उनसे कृषि कार्य में हो रही परेशानी के बारे में चर्चा की गयी। साथ ही खेती कार्य में होने वाली परेशानियों के निराकरण की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कृषकों को कृषक कीट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण हल्दी के पार्षद श्री रूपेश साहू ने एवं आभार प्रदर्शन मोहारा के पार्षद श्री अवधेश प्रजापति ने किया। इस अवसर पर कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आयुक्त ने की तकनिकी,स्वास्थ्य एवं राजस्व की समीक्षा,दिये कड़े निर्देश



राजनांदगांव 4 जून। नगर निगम आयुक्त श्री टी.के. वर्मा ने आज नगर निगम में अधिकारियों व कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उनके द्वारा निर्माण कार्य,पेयजल व्यवस्था,राजस्व वसूली एवं साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली गयी।

आयुक्त श्री वर्मा द्वारा वार्डो में चल रहे विकास कार्यो की जानकारी लेकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य कराने निर्देशित किये। साथ ही जिन ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है ऐसे ठेकेदारों के कार्यो की समीक्षा कर अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ कराने तकनीकि अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके अलावा योजनाओं के निर्माण कार्यो में आशातीत प्रगति लाने के दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित उप अभियंता अपने-अपने वार्डो में चल रहे निमाण कार्यो की सतत निगरानी कर कार्यो में प्रगति लाये। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण कार्य में प्रगति लावे तथा स्कूलों में बनन वाले शौचालयो का निर्माण 15 जून के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। पेय जल की समीक्षा में आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि संक्रामक बीमारियों को ध्यान में रख कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके लिये नलों व हैण्ड पंपों के आस पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जावें। समय समय पर टंकियों की सफाई कराई जावें। पेयजल संकट वाले वार्डो में टेकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करे। नल व हैण्ड पंप बिगड़ने की शिकायत पर तत्काल मरम्मत कराया जावें। इसके अलावा वार्डो में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे। साथ ही विद्युत पोलों बंद लाईट की शिकायत का त्वरित निराकरण करें।

समीक्षा की कड़ी मे आयुक्त श्री वर्मा में राजस्व वसूली में तेजी लाने मांग पंजी अद्यतन तैयार करने कहा तथा वार्डवार पंजी,जिसमें उस वार्ड के सम्पतिकर दाताओं,गैर सम्पतिकर दाताओं एवं जलकर दाताओं के संख्या की पृथक-पृथक प्रविष्टि करने के साथ ही कम्प्युटर में भी वार्ड वार सूची प्रविष्टी किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बैंको के माध्यम से समय में हितग्राहियों को प्रदाय कराने एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में करने निर्देशित किये। इसके अलावा दुकान किराया प्रति माह वसूलने के निर्देश दिये एवं लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भवन पूर्णता जारी होने के बाद ही विद्युत अनापत्ति जारी करने निर्देशित किये।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की कड़ी मे श्री वर्मा ने कहा कि शहर में साफ-सफाई व्यवस्था के तहत सड़को,गलियों,नाली-नालों की नियमित सफाई के साथ-साथ मुक्कड़ों से कचरा उठाने व दवाई का छिड़काव कराने के निर्देश दिये। साथ ही बरसात के पूर्व बड़े नालो-नालों की सफाई अतिशीघ्र करावें। इसके अलावा चौक चौराहों व सड़कों पर बैठे अवारा पशुओं को धर पकड़ कर कांजी हाऊस में डालना सुनिश्चित करें तथा संबंधित पशु मालिकों को पशुओं को घर में बाधने निर्देशित करें तथा सड़े गले खाद्य पदार्थो के विनिष्टीकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा समस्त दुकानदारों को पालीथीन का उपयोग नहीं करने व डस्टबीन रखने हेतु निर्देशित करें। बैठक में प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,प्र.सहायक अभियंता श्री जे.एन.श्रीवास्तव व श्री कामना सिंह यादव,प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव,उप अभियंतागण सर्वश्री समदरजा खान,अतुल चोपड़ा,संदीप तिवारी,राजकुमार साहू,कार्यालय अधीक्षक श्री आर.बी.तिवारी सहित विभागीय अमला उपस्थित था।

## *महापौर ने दिया नगर निगम के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश*



राजनांदगांव 5 जून। नगर निगम के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज निगम में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में पदोन्नति आदेश दिया गया। कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री टी.के.वर्मा,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री अतुल रायजादा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री पारस वर्मा,बलवंत साव,पार्षदगण सर्वश्री गप्पू सोनकर,दीपक चौहान,विजय राय,एडीएम श्री संजय अग्रवाल,स्थापना प्रभारी श्री जयनारायण श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे।

पदोन्नति के संबंध में आयुक्त श्री टी.के.वर्मा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय रायपुर आदेश क्रं. एफ-4-188/2003/18 दिनांक 15 सितम्बर 2006 स्वीकृत सेटअप में रिक्त पद तथा सेवाभर्ती नियम 2008 के अनुसार नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पदोन्नति हेतु रिक्त पदों की पूर्ति हेतु गठित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 16 जनवरी 2014 में की गई अनुशंसा पर दावा आपत्ति प्राप्त कर दिनांक 20 जून 2014 एवं दिनांक 28 जरवरी 2015 में विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार नगर निगम के पात्र कर्मचारियों को उनके वरीयता सह योग्यता के आधार पर राज्य शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान पर शर्तो के अधीन दो वर्ष की परीवीक्षा अवधि में अस्थाई रूप से पदोन्नति प्रदान की गयी।

आयुक्त श्री वर्मा ने आगे बताया कि श्री आर.बी.तिवारी एवं श्रीमती ज्योत्सना ठावरे को ग्रेड-2 से सहायक ग्रेड-1/सहायक कार्यालय अधीक्षक के पद पर,श्रीमती अर्चना यादव,श्री प्रेमलाल माहेश्वरी,श्री सुदर्शन सिंह,श्री अनिल विल्सन व श्री राकेश नंदे को ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदोन्नति की गयी। इसी प्रकार श्री प्रसन्न तिवारी,श्री ईश्वर माटे,श्री गणितराम एवं श्री रिखेन्द्रनाथ ठाकुर को सहायक राजस्व निरीक्षक से उप राजस्व निरीक्षक के पद पर,श्री अगस्टीन यूनस एवं श्री बेन्जामीन यूनस को परिचालक से चालक के पद पर,श्री रमेश बघेल,श्री किशोर ठाकुर,श्री अमरूराम,श्री कृति कुमार श्रीवास्तव व श्री अवधराम डहरिया भृत्य को सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर,श्री गुलाब चंद्रवंशी,श्री संतूराम टेमरे,श्री तिजाऊ राम,श्री गंगाराम पाण्डेय,श्री देवेन्द्र कुमार यादव भृत्य को सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नत किया गया है। उपरोक्त कर्मचारियों को महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित अतिथियों द्वारा पदोन्नति आदेश प्रदान किया गया।

महापौर श्री यादव ने अपने संबोधन में कर्मचारियों को बधाई देते हुये कहा कि 25 वर्ष पुरानी पदोन्नति की मांग थी, जो आज पूरी हुई। मैं सभी कर्मचारियों से आशा करता हूँ कि वे अपना काम पूरी ईमानदारी से मन लगाकर करे। शेष कर्मचारियों के प्रकरणों की छानबीन कर अतिशीघ्र पदोन्नति की कार्यवाही की जावेगी। निगम अध्यक्ष श्री श्री शिव वर्मा एवं सामान्य प्रशासन विभाग क प्रभारी सदस्य श्री अतुल रायजादा ने भी इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में स्थापना प्रभारी श्री जयनारायण श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त करते हुये कहा 25 वर्ष से पदोन्नति से वंचीत कर्मचारियों को पदोन्नत करने पर मैं महापौर एवं आयुक्त का धन्यवाद देता हूँ। साथ ही स्वायत्त शासी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष व भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष होने के नात महापौर,अध्यक्ष,आयुक्त,प्रभारी सदस्यों एवं पार्षदों का आभार व्यक्त करता हूॅ एवं शेष कर्मचारियों की भी वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति करने की मांग करते हुये, इसी प्रकार कर्मचारी हित में सहयोग की अपेक्षा करता हूॅ। साथ ही महापौर श्री यादव की राजनीति के उच्च पदों को प्राप्त करने तथा आयुक्त श्री वर्मा की जिलाधीश बनने की कामना करता हूॅ। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## *विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वृक्षारोपण किया गया वृक्षों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने संकल्प लिया गया,संगोष्ठी आयोजित की गयी*



राजनांदगांव 5 जून। नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ममता नगर चौक श्रमिक भवन के सामने निर्मित उद्यान में आज पर्यावरण बचाव संकल्प कार्यक्रम समाजसेवी श्री

सुरेश एच लाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री मधुसूदन यादव ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री रमेश पटेल व श्री अशोक चौधरी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री सुरेश एच लाल ने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर नगिम द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में कार्यकम आयोजित करने पर मैं विशेष रूप से धन्यवाद देता हूँ। जमीन,जल व वायु पर्यावरण के आधार स्तम्भ है। जिसमें जल बहुत महत्वपूर्ण है,जिसकी आज पूरे विश्व में कमी हो रही है,पानी आज पैसे में बिक रहा है। उन्होंने कहा कि हिमालय पर्वत की बर्फीली चट्टान पिघल रहा है जो पर्यावरण के लिये नाशक है। केदारनाथ बद्रीनाथ त्रासदी इसका परिणाम है। नदीया अपने मूल रूप से हट रही है। उन्होंने कहा कि औद्योगिकरण से हम आर्थक रूप से तो सुदृढ हो रहे है। लेकिन शारीरिक रूप से अक्षम हो रहे है। कारखानों के लिये प्रदूषण रोकने का प्रयास होना चाहिये। उन्होंने कहा कि घरों में तुलसी का पौधा रखना हमारी पुरानी परम्परा है। ये धर्म से जोडने के साथ साथ पर्यावरण का संदेश देती है। पिपल का पेड़ 24 घंटे आक्सीजन छोडता है,ये अपने आप में आक्सीजोन है। सरकार द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान भी प्रदूषण नियंत्रण का माध्यम है। हमे जागरूक होकर लोगों मे भी जागरूकता फैलानी होगी।

महापौर श्री यादव ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन का उद्देश्य लोगों मे जागरूकता फैलाना है। नगर निगम द्वारा आने वाले समय में इसे और वृहद रूप में



करेंगे। ममतानगर रोड के इस उद्यान को इस क्षेत्र के युवाओं द्वारा देख भाल किया जाता है। इनके द्वारा रूची लेकर सभी प्रजाति के पौधे यहां लगाये गये है और प्रतिदिन उसका देख भाल करते है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा के साथ वाटर हार्वेस्टिक की अनुमति देते है लेकीन इसका पालन नहीं होता है। अनुज्ञा के साथ वाटर हार्वेस्टिंग के अलावा 5 वृक्ष लगाने का भी प्रावधान रखा जावेगा। इसके लिये राशि निर्धारित की जावेगी और इसके पालन के लिये कड़ाई बरती जावेगी, क्योकि यह पर्यावरण संरक्षण का सबसे अच्छा माध्यम होगा। यह नगर निगम परिवार संकल्प होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा शहर के मोहड़,भवरमरा,डुडेरा सहित 5 स्थानों में आक्सीजोन का निर्माण किया गया है और सांसद श्री अभिषेक सिंह द्वारा भी आक्सीजोन निर्माण की घोषणा की गयी है। मुख्यमंत्री द्वारा जन सहयोग से तालाब गहरीकरण की योजना बनायी गयी है। जिससे जल संरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि हम सब जल संरक्षण एवं वृक्षों के संरक्षण का संकल्प ले तभी पर्यावरण संरक्षित होगा।

श्री अशोक चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि वैज्ञानिको द्वारा पर्यावरण बचाने चिंतन मनन कर ठोस उपाये किया जा रहा है। हमारे पूर्वजो द्वारा धार्मिक आयोजन जैसे वट सावित्री,आवला नवमी आदि के माध्यम से वट,पिपल,आवला आदि के वृक्षों की पूजा की जाती है। इसका मूल उद्देश पर्यावरण बचाना ही है। उन्होंने कहा कि अपने घरों में शोकपीठ का निर्माण कराना वाटर हार्वेटिंग का सब से अच्छा माध्यम है इसी से पानी धरती में जाता है। हम सब को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिये क्योकि पेड़ों से वर्षा संचित होती है। तभी इस कार्यक्रम की सार्थकता है।

## ***नगर निगम द्वारा नंदई एवं चौपाटी के पास के चाट,गुपचुप व आईसक्रीम व कोलड्रींक व्यवसायियों को 9 हजार रूपये जुर्माना***

राजनांदगांव 6 जून। नगर निगम आयुक्त श्री टी.के .वर्मा द्वारा गठित नगर निगम की टीम द्वारा पालीथीन एवं प्रतिबंधात्मक व स्वच्छता अभियान कार्यवाही के तहत एवं संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुये नंदई एवं चौपाटी चाट,गुपचुप व आईसक्रीम विक्रेताओं पर पालीथीन रखने व साफ सफाई के अभाव पाये जाने पर लगभग 9 हजार रूपये का जूरमाना लगाया गया।

आयुक्त श्री वर्मा ने बताया कि शासन निर्देश के अनुक्रम में पालीथीन प्रतिबंधात्मक व स्वच्छता अभियान कार्यवाही के तहत टीम द्वारा नंदई के श्री रामू साहू को 15 सौ रूपये,चौपाटी के श्री ओम,श्री लोकेश,के.जे.किशोर चाट सेन्टर व श्री महेश कुमार सोनी से चाट कार्नन को 1-1 हजार रूपये,संजय चाट सेन्टर को 5 सौ रूपये,कृष्ण आईसक्रीम व श्रीराम कोल्ड्रींग को 5-5 सौ रूपये का अर्थण्ड लिया गया। इसी प्रकार चौपाटी स्थित श्री कृष्णा व प्रो. शिव शक्ति पाव भाजी सेन्टर को 5-5 सौ रूपये व श्री ज्वाला प्रसाद यादव पाव भाजी सेन्टर को 1 हजार रूपये साफ सफाई व पानी की जांच करने पर साफ सफाई के अभाव व गंदा पानी पाये जाने पर

जूर्माना किये। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा आगे भी इसी प्रकार कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण के दौरान प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव,कनिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा सहित निगम का सफाई अमला उपस्थित था। उन्होंने शहर के होटलो,खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों के अलावा अन्य व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने व पालीथीन का उपयाग नही करने की अपील की है।

## *महापौर के आतिथ्य में पुराना ढाबा में कबीर जयंती कार्यक्रम आयोजित*

## *महापौर द्वारा गौ सेवा केन्द्र का लोकार्पण*



_राजनांदगांव 8 जून । महापौर श्री मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में सदगुरू कबीर सेवा समिति द्वारा पुराना ढाबा में कबीर जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री देवशरण सेन,स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री बलवंत साव सहित महंत सुफेत दास साहेब,महंत भागवत दास साहेब,दिवान संतोष दास साहेब,सहदेव साहेब,अशोक दास साहेब व साधवी मीना बाई विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा गौ सेवा केन्द्र का लोकार्पण फीता काटकर,पट्टीका का अनावरण कर किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा कबीर साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चचात सदगुरू कबीर सेवा समिति के संरक्षक बनीराम साहू,अध्यक्ष खोमलाल साहू,उपाध्यक्ष प्रहलाद साहू,कोषाध्यक्ष प्रीत लाल साहू,किशन लाल साहू,सचिव उमेश कुमार साहू,महिला मण्डल की कुमारी बाई साहू,सुनीता बाई,अनीता बाई,हेमलता बाई आदि के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

महापौर श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि कबीर साहेब चिंतक और विचारक थे। जो व्यक्ति उनके विचारों को अपन जीवन आत्मसात करेगा, उनका परिवार सुखी रहेगा। उस प्राचीन युग में छुआछुत कट्टरपंथ विचार धारा के बीच कबीर साहेब ने अपना स्थान बनाया। उन्हौंने कहा कि कबीर साहेब ऐसे संत थे, जिन्हें हिन्दू और मुसलमान दोनो मानते थे। हिन्दू उन्ह गुरू और मुसलमान पीर मानते थे। हमे कबीर साहेब को मानने के साथ साथ कबीर साहेब की भी मानना है, तभी हमारा जीवन सफल होगा। उन्होंने कहा कि गौ सेवा केन्द्र बन जाने से ढाबा के अलावा आस पास के क्षेत्र के गायों को ईलाज के साथ साथ सेवा करने में भी सुविधा होगी। बाउण्ड्रीवाल निर्माण की मांग का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा।

निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा ने कबीर जयंती एवं गौ सेवा केन्द्र के उदघाटन पर शुभकामना देते हुये कबीर साहेब के बताये मार्गो पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्मृति चिन्ह से सम्मानीत किया गया। इस अवसर पर कबीर अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## *महापौर द्वारा हॉकी प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण*



राजनांदगांव 9 जून। वर्ष 2015-16 के बजट में खेल कलेन्डर के अंतर्गत शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हॉकी,फुटबाल,शतरंज,बास्केट बाल आदि खेलों का नि:शुल्क प्रशिक्षण देने का प्रावधान रखा गया है। जिसके क्रियान्वयन की कड़ी में दिनांक 15 मई से 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिये हॉकी का ग्रीष्म कालीन नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 104 बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। उक्त उदगार महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा नगर निगम द्वारा टर्फ मैदान में आयोजित हॉकी के ग्रीष्म कालीन नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से दिये। उन्होंने कहा कि आज कल हॉकी का चलन कम होता जा रहा है। लेकिन हमारे हॉकी के जूझारू फिरोज अंसारी,नीलम जैन,भूषण साव एंव उनकी टीम की मेहनत से हॉकी के प्रति बच्चों का रूझान बढ़ा है। इसी का परिणाम है कि आज 104 बच्चे हॉकी का प्रशिक्षण लिये है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षो में इस और वृहद रूप से आयोजित करेंगे और इसमें जो कमिया है उसे दूर करेंगे। साथ ही अन्य खेलों जैसे फुटबाल,शतरंज,बास्केट बाल,क्रिकेट आदि का भी प्रशिक्षण खेल कैलेण्डर बनाकर शिविर आयोजित किया जाएगा।

नगर पालिक निगम द्वारा टर्फ मैदान में आयोजित हॉकी का ग्रीष्म कालीन निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का समापन कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित नगर निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री देवशरण सेन,बलवंत साव,मुकेश ध्रुव,अतुल रायजादा,पार्षद सर्वश्री सूरज नायक,देवेश देवांगन,कुलभूषण पाण्डे,सुश्री शैल यादव,विनय झा,गप्पूलाल सोनकर,श्रीमती सुनीता साहू,सुश्री मणीभास्कर गुप्ता,विजय राय,पार्षद प्रतिनिधि श्री धन्शु साहू सहित प्रदेश हॉकी संघ के महासचिव श्री फिरोज अंसारी,जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष श्री नीलम जैन,वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी डॉ विद्याविलास श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वेश्वरदास स्कूल के खेल प्रभारी भूषण साव,शिक्षा सचिव संजीव मिश्रा सहित किशोर धीवर,शौफिक अहमद,चंद्रहास साहू,अभिनव मिश्रा,राजेश रजक,आशा थामस,शकील अहमद,शब्बू सोलंकी द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा ने कहा कि राजनांदगांव की पहचान हॉकी और झांकी से है और राजनांदगांव को हॉकी की नर्सरी के नाम से जाना जाता है। मैं निगम द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने पर पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं देता हूँ। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बालक एवं बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण व आभार प्रदर्शन खेल प्रभारी श्री भूषण साव एवं संचालन शिक्षा सचिव श्री संजीव मिश्रा ने किया। इस अवसर पर खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## *महापौर द्वारा जिला,पुलिस व निगम प्रशासन के साथ गुड़ाखू लाईन,जूनीहटरी क्षेत्र का दौरा*

## *व्यापारियों से दुकाने व्यवस्थित लगाने दिये कड़े निर्देश*

राजनांदगांव 11 जून। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज संध्या निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मनोज लोढ़ा वार्ड के पार्षद श्री शरद सिन्हा,पुलिस अधीक्षक श्री सुन्दर राज पी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह,एसडीएम श्री गजपाल,वहसीलदार श्रो यादव,प्रभारी आयुक्त श्री दीपक जोशी के साथ शहर के व्यस्तम मार्ग गुड़ाखू लाईन,जूनीहटरी,जयस्तम्भ चौक क्षेत्र का दौरा कर व्यापारियों से प्लेटफार्म के अंदर समान रखने व दीवाल से दो फीट छज्जा निकालने अंतिम बार समझाईस दिये।

महापौर श्री यादव ने बताया कि गुड़ाखू लाईन,जूनीहटरी,जयस्तम्भ चौक व इमाम चौक के व्यापारियों से दुकानों के समाने व सड़क के किनारे समाग्रो नहीं रखने की अंतिमबार समझाईस दी गयी। दुकानों के सामने सामान रखने से वाहन पार्किंग में असुविधा के साथ साथ यातायात बाधित होती है। उन्होंने व्यापारियों से सामान प्लेट फार्म के अंदर रखने एवं कपड़ा व अन्य समाग्री सड़क तक नहीं लटकाने की समझाईस दी तथा दिवाल से 2 फीट तक ही छज्जा निकालने कहा। साथ ही ताला चाबी वालों को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि निगम द्वारा निर्धारित स्थान पर ही अपना दुकान लगावे, अन्यथा समान जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।

महापौर श्री यादव ने बताया कि सुगम यातायात व्यवस्था के तहत गुड़ाखू लाईन से शनि मंदिर रोड के दोनों ओर घरों व दुकानों के प्लेटफार्म तोडे गये है एवं नाली निर्माण कार्य कल से प्रारंभ किया जा रहा है। जिससे यातायात में सुविधा होने के साथ साथ उस क्षेत्र के रहवासियों के घरों से निकलने वाले पानी निकासी में भी सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला,पुलिस व निगम प्रशासन का अमला उपस्थित था।

## *महापौर द्वारा गुड़ाखू लाईन से शनि मंदिर रोड का निरीक्षण*

## *स्वस्फूर्थ प्लेटफार्म तोड़ने पर रहवासियों एवं व्यापारियों का माना आभार*



राजनांदगांव 12 जून। महापौर श्री मधुसूदन यादव आज वार्ड पार्षद श्री शरद सिन्हा के साथ गुडाखू लाईन से शनि मंदिर रोड का निरीक्षण कर उप अभियंता श्री अतुल चोपड़ा व श्री समद रजा खान को प्लेटफार्म के टूटे मलमा हटवाकर नाली निर्माण कराने एवं घरों के नल को ठीक करने के निर्देश दिये। साथ ही उक्त क्षेत्र के रहवासियों व व्यापारियों द्वारा अपना-अपना प्लेटफार्म स्वयं तोडने पर उन सबका आभार व्यक्त किये।

महापौर श्री यादव ने बताया कि गुड़ाखूलाईन से शनि मंदिर रोड अत्यंत सकरी रोड है और उक्त क्षेत्र के घरों व दुकानों के सामने प्लेटफार्म बन जाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ नाली नहीं होने के कारण पानी निकासी में भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। उक्त बातों को ध्यान में रखकर पूर्व में उक्त क्षेत्र के रहवासियों व व्यापारियों से प्लेटफार्म तोड़ने की अपील की गयी थी। जिसपर रहवासियों व व्यापारियों द्वारा सहमति देकर अपना-अपना प्लेटफार्म स्वयं तोडा गया। प्लेटफार्म टूट जाने से सडक चौडी होने के साथ साथ सुगम यातायात की व्यवस्था होगयी।

महापौर श्री यादव द्वारा नगर निगम के तकनीकि अधिकारियों से मलमा उठवाकर नाली निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये तथा पेयजल के लिये नल लगाने नये पाईप लाईन बिछाने निर्देशित किये। उनके द्वारा शनि मंदिर रोड के रहवासियों एवं व्यापारियों का प्लेटफार्म तोडने पर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नगर निगम का तकनीकि अमला उपस्थित था।

## महापौर द्वारा गोकुल नगर का निरीक्षण

राजनांदगांव 15 जून। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा निगम आयुक्त श्री टी.के.वर्मा,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,राजस्व विभाग क प्रभारी सदस्य श्री मनोज लोढ़ा,नगर निगम के प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी क्रेडा विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री अभिताभ शुक्ला के साथ गोकुल नगर का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी के मंशा अनुरूप बायो गैस संयंत्र स्थापित किये जाने शासन को भेजने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

महापौर मधुसूदन यादव ने तालाब में पचरी निर्माण,पेयजल,विद्युत व साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी को दिये। इसके अलावा गोकुल नगर में बायो गैस संयंत्र स्थापना हेतु स्थल चयन कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश क्रेडा के कार्यपालन अभियंता श्री अभिताभ शुक्ला को दिये। व लखोली सरेखीन तालाब गहरीकरण कार्य का जायजा लेकर तकनीकि अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह की मंशानुसार प्रदेश में सभी डेयरी व्यवसायियों को एक जगह एकत्रीत कर व्यवसाय करने गोकुल नगर योजना प्रारंभ की गयी। जिसकी कड़ी में नगर निगम द्वारा डोंगरगांव रोड में गोकुल नगर बसाया गया है। जहां पर डेयरो व्यवसायियों को प्लाट आबंटित किया गया। जिसमें उनके द्वारा गौठान एवं मकान निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि गोकुल नगर में मूलभूत सुविधा बिजली पानी आदि उपलब्ध कराने के साथ साथ निस्तारी एवं जानवरों के लिये तालाब का निर्माण भी किया गया है। जिसमें मुख्य मंत्री जी के मंशानुरूप जन सहयोग से कुछ दिनों पूर्व गहरीकरण कार्य कराया गया। ताकि आगामी ग्रीष्म ऋतु में गोकुल नगर वासियों व मवेशियों को परेशानी का सामना करना न पड़े।

महापौर श्री यादव ने बताया कि मुख्मंत्री डॉ.रमन सिंह जी एवं सांसद श्री अभिषेक सिंह के मंशानुरूप गोकुल नगर में बायो गैस संयंत्र की स्थापना किया जाना है। जिससे गोकुल नगर के मवेशियों के गोबर से गैस उत्पन्न कर पाईप लाईन के माध्यम से गोकुल नगर के प्रत्येक घर में भोजन आदि बनाने गैस पहुंचाया जा सके। साथ ही संयंत्र से बने अपशिष्ट को खाद के रूप में उपयोग किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नगर निगम व केडा के अधिकारियों के साथ गोकुल नगर के पीछे स्थल का चयन किया गया है तथा अधिकारियों द्वारा बायो गैस संयंत्र स्थापना के लिये प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। जिस शासन को स्वीकृति के लिये भेजा जाएगा। इस अवसर पर क्रेडा के सहायक अभियंता श्री राकेश वर्मा,नगर निगम के उप अभियंता श्री प्रणय मेश्राम सहित तकनिकी अमला उपस्थित था।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा व जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ देने वार्डो में 17 से 19 जून तक शिविर आयोजित

राजनांदगांव 16 जून। नगर निगम सीमा क्षेत्र के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एव प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ देने वार्डो में 17 से 19 जून तक शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके लिये निगम आयुक्त द्वारा वार्डा में शिविर स्थल पर पंजीयन के लिये कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। उक्त कर्मचारियों को महापौर श्री मधुसूदन यादव की उपस्थिति में जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि नगर निगम सीमा के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अतिवृद्धावस्था पेंशन/इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन/इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन/इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन/सुखद सहारा पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ देने पंजीयन कराने नगर निगम द्वारा 51 वार्डो के शासकीय शालाओं व समुदायिक भवनों में दिनांक 17 से 19 जून तक 11 बजे से 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा बीमा के संबंध में जानकारी देकर पंजीयन फार्म भराया जाएगा। उन्होंने सभी पेंशनधारियों से बीमा हेतु वार्डो में निर्धारित स्थल पर पहुंचकर बीमा कराने की अपील की है। साथ ही पार्षदों से भी पेंशनधारियों का बीमा कराने सहयोग करने की अपील की है।

## महापौर द्वारा विभिन्न वार्डो में जल भरान क्षेत्र का निरीक्षण

राजनांदगांव 16 जून। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा शहर के विभिन्न वार्डो में जल भरान क्षेत्र का निरीक्षण कर नगर निगम,लोक निर्माण विभाग व ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज बारिश को ध्यान में रखकर शहर के जल भरान वाले विभिन्न क्षेत्रों इंदिरा नगर,नंदई,मोहारा,सिंगदई,मोहड़ आदि का निरीक्षण कर पानी निकासी के संबंध में तकनीकि अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने नंदई क्षेत्र में पानी भरान को ध्यान में रखकर नालो की सफाई कराने व खूले प्लाट में पानी भरने पर कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी के निर्देश दिये। साथ ही इंदिरा नगर चौक के पास के कच्चा नाला को पक्का करने व पुलिया निर्माण के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने मोहारा क्षेत्र में बाईबास रोड में फ्लाई ओव्हर निर्माण के कारण नाला बंद होने पर खेतो में पानी भरने पर नाला खोद कर बड़े पाईप डालकर मुख्य नाला से जोड़ने ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किये साथ ही खेतो के तरफ पानी जाने के रास्ता को बंद कर नाला स जोड़ने के निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव निरीक्षण के दौरान मोहड पहुंचकर बाढ़ से बचने आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही मोहड में विभिन्न क्षेत्रों के 10 हैण्ड पंप जो जमीन में धस गये है,उन्हे उपर उठाने व मोहड के तालाब जो आधा पटा है उसे पूरा पाटने निर्देशित किये और शौचालय में पानी की कमी की शिकायत पर शौचालय के पास हैण्ड पंप खनन करने के निर्देश दिये। इसके अलावा मोहड में नव निर्मित शाला भवन,आंगन बाडो,सामुदायिक भवन,व्यायाम शाला व सामुदायिक मंच का लोकापर्ण के संबंध में सांसद महोदय द्वारा अतिशीघ्र लोकापर्ण कराने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत,नगर निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा के अलावा प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री दवशरण सेन,मनोज लोढा,बलवंत साव,मुकेश ध्रुव,श्रीमती रेणू शर्मा,पार्षद श्री शेखर साहू,विजय राय,पार्षद प्रतिनिधि श्री राकेश चंद्राकर के अलावा अलख चंद्राकर सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## *आम्बेडकर चौक में पानी भरान से निजात मिलेगा-मधुसूदन यादव*



राजनांदगांव 17 जून। आम्बेडकर चौक में वर्षा ऋतु में अत्यंत बारिश होने से पानी भरान की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिससे निजात दिलाने नगर निगम द्वारा ह्यूम पाईप डाला जा रहा है। जिसका आज महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा उक्त क्षेत्र के पार्षदों श्री अतुल रायजादा,श्री मुकेश बघेल व श्रीमती जमूना साहू द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि वर्षा ऋतु में बारिश का पानी आम्बेडकर चौक में भर जाने से आस पास के रहवासियों एवं आवगमन में कठिनाई होती थी। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह एवं सांसद श्री अभिषेक सिंह से चर्चा की गयी जिसपर उनके द्वारा निराकरण किये जाने के निर्देश दिये गये थे। जिसका कलेक्टर श्री बंसल के साथ निरीक्षण कर तकनीकि अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था।

महापौर श्री यादव ने बताया कि जिसके निराकरण की कड़ी में आम्बेडकर चौक में कलेक्ट्रेड रोड से स्टडियम रोड तक ह्यूम पाईप डालने की कार्यवाही नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। ताकि बरसात में पानी भरान की स्थिति से निजात मिल सके। उन्होंने बताया कि पाईन लाईन डालते समय जल प्रदाय पाईप लाईन बीच में आ रहा है। जिसे भी शिप्टिंग किया जा रहा है। ताकि ह्यूम पाईप लाईन डालने से जल प्रदाय की स्थिति में अवरोध उत्पन्न न हो एवं पाईप लाईन डालने से बरसात का पानी असानी से निकल सके। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अतुल चोपड़ा सहित निगम का तकनीकि अमला उपस्थित था।

## *आयुक्त द्वारा मोहारा फिल्टर प्लांट सहित पार्किंग यार्ड निर्माण कार्य का निरीक्षण*

राजनांदगांव 17 जून। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुये आयुक्त श्री टी.के.वर्मा द्वारा मोहारा फिल्टर प्लांट सहित जिला चिकित्सालय,प्रतिक्षा बस स्टैण्ड,बुढ़ा सागर परिसर व फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग यार्ड निर्माण कार्य का निरीक्षण कर तकनीकि अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



आयुक्त श्री वर्मा द्वारा 10 एमएलडी व 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट निरीक्षण किया गया एवं मशीनों व एलम ब्लिचिंग आदि के भण्डारण के संबंध में जानकारी ली गयी। बारिश होने के कारण नदी का पानी मटमैला हो गया है। जिसपर आयुक्त श्री वर्मा ने जल शुद्धिकरण हेतु एलम,ब्लिचिंग का उपयोग पर्याप्त मात्रा में करने के निर्देश दिये। साथ ही बाढ की स्थिति से बचने आवश्यक उपाय करने निर्देशित किये। उन्होंने जिला चिकित्सालय परिसर में

आरो वाटर स्टीम की स्थापना के संबंध में डॉक्टरों के साथ स्थल का चयन किया। साथ ही चिकित्सालय के पास चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये।



प्रतिक्षा बस स्टैण्ड में निरीक्षण के दौरान बरसात का पानी भरने को ध्यान में रखकर नाला नाली की साफ सफाई कराने निर्देशित किये। साथ ही प्रतिक्षा बस स्टैण्ड सिटी बस संचालकों के कार्यालय का निरीक्षण कर विद्युत सहित अन्य आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बुढ़ा सागर में गंदे पानी की निकासी के लिये निर्माणाधीन संपवेल व पंप हाऊस निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने निर्देशित किये।

फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग यार्ड व एप्रोच रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,उप अभियंता सर्वश्री अतुल चोपड़ा,आर.के.साहू,सदीप तिवारी,प्रणय मेश्राम,युवराज कोमरे उपस्थित थे।

## *महापौर द्वारा मोतीपुर अण्डर ब्रिज निर्माण का निरीक्षण*



राजनांदगांव 19 जून। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा आज निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा व ब्रिज कारपोरेशन,रेल्वे व नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ मोतीपुर में चल रहे अण्डर ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव द्वारा अण्डर ब्रिज निर्माण के कारण मोतीपुर क्षेत्र के रेल्वे ट्रेक से लगे मकानों में बारिस के कारण जल भरान की स्थिति का निरीक्षण किया गया और इससे लोगों को हो रही असुविधा की जानकारी ली एवं निर्माण कार्य के दौरान खुदाई करने से पाईप लाईन बीच में आने के कारण जल प्रदाय अवरूध हो रहा है,उक्त समस्या का संयुक्त टीम द्वारा निराकरण करने निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि तत्कालिक एवं वैकल्पिक व्यवस्था हेतु पाईप डालकर पानी निकासी किया जाये तथा रेल्वे ट्रेक के किनारे पाईप लाईन बिछाकर जल प्रदाय किया जाये।

महापौर श्री यादव ने ममता नगर क्षेत्र मे निरीक्षण में पाया कि कई मकान निर्धारित माप दण्ड के अनुरूप टूटा नहीं है,जिसके कारण निर्माण कार्य एवं पाईप लाईन शिप्टिंग में परेशानी हो रही है। इसके लिये उन्होंने ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किये कि तत्काल माप दण्ड के अनुरूप शेष मकानों को तोडा जाये, ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके व निगम द्वारा पाईप लाईन शिप्टिंग किया जा सके। उन्होंने अण्डर ब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये, ताकि निर्धारित अवधि में ब्रिज का निर्माण हो सके।

## महापौर के आतिथ्य में मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

राजनांदगांव आज स्थानीय लखोली सामुदायिक विकास समिति में निर्मित विशाल सभागृह में आयोजित मुख्यमंत्री कौशल विकास उन्नयन योजना के तहत स्वर्ण जंयती (SET-UP) शहरी विकास योजना ड्राइवर कम. प्यून AUR 118 (वाहन चालक) योजना कौशल प्रमाण पत्र वितरण समारोह माननीय महापौर मधुसुदन यादव जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।




कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व मां शारदे के तैल्यचित्र पर माल्यापर्ण कर विधिवत् शुभारंभ कर किया गया। तत्पश्चात् पधारे हुये अतिथिजनो का स्वागत महापौर मधुसुदन यादव निगम सभापति शिव वर्मा एवं कार्यक्रम के

विशिष्ट अतिथि रविन्द्र रामटेके (सी.आई टी कालेज मैनेजिंग डायरेक्टर) पार्षद एवं प्रभारी सदस्य मेयरइन काउसिल जल विभाग मनोज लोढा, श्री विजय राय जी, श्री शंकर पटेल जी, श्री श्रीमती सुनिता साहू (स दस्य अपील समिति) श्री गप्पू सोनकर जी, डा. पोषण साहू जी, श्रीमती देववती साहू, श्रीमती गिरजा निर्मलकर, श्रीमती दुलारी साहू तथा भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री श्री अकरम कुरैशी व हकीम खान (पूर्व एल्डरमेन) संतोष निर्मलकर , रज्जू खान, कय्यूम खान का स्वागत क्रमशः लखोली सामुदायिक विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला सरोदे, सचिव श्रीमती सुमन देवागंन पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना संबलवार ,सचिव श्रीमती किरण यादव, सामुदायिक संगठक श्री एस के झा तथा जय शक्ति ड्राइविग स्कूल के प्रितेश सोनी राजेश सोनी सुश्री रीना वैदे व प्रबंधक श्री लखन लाल साहू के द्वारा हारपुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया

ततपश्चात् प्रारंभिक उदबोधन मे लखोली सी.डी.एस के सी.ओ एस.के झा द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई , अपने आतिथ्य उदबोधन में महापौर माननीय मधुसुदन यादव जी द्वारा कौशल उन्नयन पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा गया कि यह ट्रेड बहुत अच्छा है इस ट्रेड में प्रशिक्षण लेने पर शतप्रतिशत प्लेसमेन्ट मिलने की संभावनाऐं है। जिन्होने यह प्रशिक्षण उत्तीर्ण किया है वे बधाई के पात्र है उन्हे ये प्रमाण पत्र उनके उज्जवल भविष्य की कामना हेतु प्रदान किया जा रहा है।नगर पालिक निगम द्वारा इन हितग्राहियो को ऐसे ट्रेड में भविष्य में और भी अवसर दिये जा सकेगें, अपने उद्गार में कहा कि कौशल उन्नयन अन्तर्गत प्रशिक्षण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है इसे शासन द्वारा चलाया जा रहा हैं। कौशल वितरण प्रमाण पत्र समारोह के अध्यक्षता कर रहे माननीय शिव वर्मा निगम सभापति अपने विचार प्रकट करते हुये सफल प्रशिक्षणार्थियो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजनान्तर्गत माननीय मधुसुदन यादव जी महापौर के करकमलो से प्रदीप कुमार, ओमप्रकाश साहू, अंकित देवागंन, अजय साहू, प्रदीप वर्मा, मनीष पटेल, मनोहर साहू, अनिल तुरकन, जफर इकबाल, राजेश देवागंन ,विजय यादव, हितेश कुमार गोन्नाडे, डोमन कुमार देवागंन, प्रणतपाल वैष्णव, अब्बास हुसैन, आशिष कुमार यादव, निलेश कुमार, प्रेमलाल साहू, आशिष डोगरें आदि को कौशल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सुश्री रेणुका भोईर, श्रीमती कल्पना नागपुरे श्रीमती कौसर परवीन का सहयोग सराहनीय रहा। सादे किन्तु गरिमामय समारोह का विषयानुरूप सफल संचालन अंकालू साहू के द्वारा किया गया तथा आभार प्रकट लखोली सी.डी.एस. की पूर्व सचिव श्रीमती किरण यादव ने किया। इस अवसर पर आर.सी.व्ही बहने एवं कर्मचारीगण बडी संख्या में उपस्थित थे।

## ***कालोनियों की खुली भूमि में नगर निगम का लगेगा बोर्ड***

राजनांदगांव 22 जून। महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर आयुक्त श्री टी.के.वर्मा द्वारा नगर निगम के सभी उप अभियंताओं को निगम क्षेत्र के सभी कालोनियों के स्वीकृत अभिन्यास मे खुली भूमि,कमजोर आय वर्ग हेतु 15 प्रतिशत भूमि व आतरिक विकास कार्य के सुरक्षा निधि के रूप में बंधक 25 प्रतिशत फ्लैट/भू-खण्ड का स्थल पर जाकर भौतिक सत्यापन कर स्वीकृत अभिन्यास अनसार भूमि सुरक्षित है इस आशय का प्रमाण पत्र लिये जाने के निर्देश जारी किये गये है।

आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि उपरोक्तानुसार भूमि स्थल पर नहीं पाये जाने की स्थिति में संबंधित कालोनाईजर के विरूद्ध संख्त कार्यवाही किया जाएगा। साथ ही सभी कालोनियो के खुली भूमियों को चिन्हांकित कर नगर निगम का बोर्ड लगाया जावें। इसके अलावा कालोनी के स्वीकृत अभिन्यास की प्रति तहसीलदार राजनांदगांव को राजस्व अभिलेख में इन्द्राज किये जाने हेतु प्रेषित किया जाना है।

आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि सभी उप अभियंता अपने-अपने प्रभार वाले वार्डो के कालोनियों का स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करे तथा इस आशाय को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे कि स्वीकृत अभिन्यास में खुली भूमि,कमजोर आय वर्ग हेतु 15 प्रतिशत भूमि व आतंरिक विकास कार्य क सुरक्षा निधि के रूप में बंधक 25 प्रतिशत फ्लैट/भू-खण्ड सुरक्षित है। भूमि स्थल पर नहीं पाये जोन की स्थिति में संबंधित कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित किया जावे, साथ ही सभी कालोनियों के खुली भूमियो को चिन्हांकित कर नगर पालिक निग का बोर्ड लगाया जावे। उन्होंने कहा कि उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे।

## ***नगर निगम में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के तहत विभिन्न व्यवसायों के लिये 1 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित***

राजनांदगांव 27 जून । केन्द्र सरकार द्वारा शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले युवाओं के लिये कौशल उन्नयन कार्यक्रम के तहत विभिन्न व्यवसाय हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण दिये जाने का प्रावधान रखा गया है।

जिसके क्रियान्वयन की कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं सांसद श्री अभिषेक सिंह के निर्देश पर महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के सदस्यों जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो उन्हे राष्ट्रीय शहरो आजीविका मिशन अंतर्गत कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न व्यवसायो/ट्रेडो प्लंबर,मेशन (राजमिस्त्री) इलेक्ट्रीशियन,ड्रायवर कम मैकेनिक,बेड साईड अटेडडेंट इत्यादि विभिन्न व्यवसायो में नि:शुल्क प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया।

महापौर श्री यादव ने बताया कि काशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न व्यवसायो/ट्रेडो प्लंबर,मेशन (राजमिस्त्री) इलेक्ट्रीशियन,ड्रायवर कम मैकेनिक,बेड साईड अटेडडेंट इत्यादि विभिन्न व्यवसायो में नि:शुल्क प्रशिक्षण लेने हेतु इच्छुक उम्मीदवार 1 जुलाई तक नगर पालिक निगम कार्यालय एवं सामुदायिक संगठको/सामुदायिक विकास समिति के सामुदायिक भवनों मोतीपर,लखोली,बसंतपुर, गौरीनगर,मोहारा,ममता नगर(प्यारेलाल स्कूल परिसर),चिखली,शीतलामाता (आयुर्वेदिक अस्पताल गुडाखू लाईन परिसर) से आवेदन प्राप्त कर प्रशिक्षण ले सकते है। उन्होंने में नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के सदस्यों जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो से उपरोक्त व्यवसाय में प्राप्त करने की अपील की है।

## ***निगम आयुक्त श्री वर्मा को आईएएस एवार्ड पर 2006 बैच आबंटित***

राजनांदगांव 27 जून। राजनांदगांव नगर निगम के आयुक्त श्री टी.के.वर्मा को राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हाने पर राज्य शासन द्वारा पदोन्नत कर आईएएस एवार्ड दिया गया था तथा वरिष्ठता का निर्धारिण हेतु भारत सरकार कार्मिक प्रशिक्षण मंत्रालय दिल्ली भेजा गया था। जिस पर भारत सरकार कार्मिक प्रशिक्षण मंत्रालय द्वारा वरिष्ठता के आधार पर बैच आबंटन के तहत श्री टी.के.वर्मा को 2006 आईएएस बैच आबंटित किया गया।

आयुक्त श्री टी.के.वर्मा को आईएएस एवार्ड हो कर 2006 बैच आबंटित होने पर महापौर श्री मधुसूदन यादव,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,नेता कांग्रेस पार्षद दल श्री हफीज खान,महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,पार्षदों,नामांकित पार्षदों सहित नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ***निगम आयुक्त ने की विभागीय समीक्षा***



राजनांदगांव 1 जुलाई। नगर निगम आयुक्त श्री टी.के.वर्मा ने आज अपरान्ह सभा कक्ष में विभिन्न विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को केन्द्र सरकार,राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन,राजस्व वसूली में गति लाने,स्वच्छ भारत मिशन के कार्य,घर-घर शौचालय निर्माण,लोक सेवा गारंटी,भागीरथी नल-जल योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लेकर अधिकारियों कड़े निदेश दिये।

निगम आयुक्त श्री वर्मा ने समीक्षा बैठक में कहा कि हर घर शौचालय निर्माण कार्य में प्रगति लायें तथा जिस घर में शौचालय निर्माण किया जा रहा है और उस घर में यदि नल नहीं लगा हो तो भागीरथी नल जल योजनांतर्गत उस घर में नल कनेक्शन दिया जाये। साथ ही जिस वार्ड में शतप्रतिशत भागीरथी नल जल कनेक्शन किया जा चुका है उस वार्ड के सार्वजनिक नल बंद किया जावें। उन्हांने कहा कि जिन वार्डो में अवैध नल कनेक्शन लिया गया है उन पर जुर्माना कर संबंधित से आवेदन मंगाकर नियमानुसार वैध करने की कार्यवाही करें एवं सार्वजनिक नल में टोटी लगावें। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर घर घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण करें एवं वार्डो में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुये ब्लिचिंग पावडर का छिडकाव करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी द्वारा नियमित रूप से होटल,रेस्टोरेंट,फल सब्जी बाजार में जाकर सडे गले खाद्य पदार्थो,फल सब्जियों के विनष्टिकरण की कार्यवाही करने के साथ साथ प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग करने पर दण्डात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये स्ट्रीट लाईट मरम्मत व संधारण करना सुनिश्चित करें। डोर टू डोर कचरा संग्रहण को लागू करने कार्यवाही करें। साथ ही अम्बिकापुर नगर निगम में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट अंतर्गत लगे कचरा रिसायकिलिंग प्लांट पद्धति का अवलोकन कर उसी तर्ज पर कार्यवाही करने के निदेश दिये।

आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि भवन अनुज्ञा हेतु प्राप्त आवेदनों को लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से लेने की कार्यवाही करें एवं लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली के लिये डिमांड पंजी का संधारण करें। राजस्व वसूली हेतु प्रतिदिन प्रात: 9 से 2 बजे तक अपने अपने वार्डो में वसूली करें तथा दोपहर 3 बजे से राजस्व कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्य करें। वार्ड वार वसूली का लक्ष्य निर्धारित कर वसूली कार्य करें,

साथ ही बड़े बकायादारों को नोटिस जारी करें,भुगतान न करने की स्थिति में कुर्की की कार्यवाही करना सुनिश्चित कर। इसके राजस्व उप निरीक्षक प्रतिदिन डायरी तैयार कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि ठेका पद्धति में कार्यरत कर्मचारियों का बायोमेट्रिक्स उपस्थिति दर्ज करावें एवं ठेकेदार द्वारा आर.टी.जी.एस.भुगतान किये जाने के पश्चात ठेकेदारों को भुगतान की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जी.आई.एस.सर्वे कार्य में प्रगति लावें। बैठक में प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,प्र.राजस्व अधिकारी श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव,सहायक अभियंता श्री जे.एन.श्रीवास्तव व श्री कामना सिंह यादव,प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव सहित उप अभियंतागण और राजस्व व स्वास्थ्य का अमला उपस्थित था।

## *निगम द्वारा सड़े गले खाद्य पदार्थो के विनष्टिकरण का अभियान जारी*

## *गोल बाजार से 112 किलो सड़े गले खाद्य पदार्थो का विनष्टिकरण किया गया*

राजनांदगांव 2 जुलाई। नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुये होटलों,खोमचे,फल दुकानों आदि के लाईसेंस निरीक्षण एवं सड़े गले खाद्य पदार्थो को नष्ट करने हेतु टीम गठित की गयी है। उक्त टीम द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गोल बाजार से 112 किलो सड़े गले फल-सब्जी क विनिष्टिकरण की कार्यवाही की गयी है।

आयुक्त श्री टी.के.वर्मा के निर्देशन पर प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय यादव एवं उनकी टीम के सदस्यों द्वारा सब्जी बाजार का लगातार निरीक्षण कर विनिष्टिकरण की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज श्री यादव व उनके टीम के सदस्यों सफाई दरोगा श्री राजेश वर्मा,श्री कौशल साहू एवं वार्ड प्रभारी श्री गणेश सातर द्वारा गोल बाजार से लगभग 112 किलो सड़े-गले फल एवं सब्जी एकत्रित कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा विनिष्टिकरण की कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी।

आयुक्त श्री टी.के.वर्मा ने होटलो,खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने,खाद्य सामाग्री को ढककर रखने ताजा खाद्य सामाग्री का विक्रय करने की अपील की है। साथ हो उन्होंने आम जनता से अपने घरों व घरों के आस-पास साफ सफाई रखने,ताजा खाद्य सामाग्री का उपयोग करने व पानी उबाल कर पीने की अपील की है।

## *महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम आयोजित*

राजनांदगांव 4 जुलाई। प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा दिनांक 1 से 7 जुलाई तक डिजिटल इंडिया सप्ताह मनाये जाने कार्य योजना जारी की गयी है। जिसके क्रियान्वयन की कड़ी में नगर निगम के सभागृह में आज महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,नगर निगम आयुक्त श्री टी.के.वर्मा सहित पार्षदों,नामांकित पार्षदों व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में निगम आयुक्त श्री टी.के.वर्मा ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा आम आदमी के जीवन को तकनीकि के माध्यम से सरल बनाने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आज कल मोबाईल,एटीएम,डेबिट-क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से खरीदी आदि की जाती है। इसी प्रकार इंटर नेट,लेपटाप आदि के माध्यम के कई कार्य हो जाते है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा तकनीकि के माध्यम से शासन प्रशासन के कार्य हेतु ई-ग्वरनेस चलाये जा रहे है। पीईटी,पीएमटी अन्य परीक्षाओं के अलावा टेण्डर आदि आनलाईन जमा किये जा रहे है,लोक सवा गरंटी चलाया जा रहा है, जिससे अनेक समस्याओं का निदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से लोगों मे विभिन्न सेवाओं को इलेक्ट्रानीक रूप में मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में नगर निगम में भी टेक्स का निर्धारण,भवन अनुज्ञा आदि कार्य भी नेट के माध्यम से किया जाना है।

निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा ने अपने संबाधन में कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सोच भारत को अन्य देशो की तुलना में आगे लाने की है। इसी कड़ी में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनता के जीवन को आधुनिक तकनीकि के माध्यम से जोडना है। यह योजना आने वाले समय में अत्याधिक कारगर साबित होगी।




महापौर श्री मधुसूदन यादव ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा है कि डिजिटल इंडिया के माध्यम से देश में सरकारी,गैर सरकारी,निजी व आम आदमी इंटर नेट के माध्यम से जुड कर जीवन को सरल बनाये। आज के युग में हम सब की भी यही सोच है कि हमारी समस्या का समाधान सरलता से हो जाये। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य शहर की साफ सफाई, पकाश, पेयजल,यातायात आदि की समस्या से आम नागरिक घर बैठे इंटर नेट के माध्यम से अवगत करा सके तथा नागरिकों को सेवाएं मुहैया कराने के लिये,एक प्रमुख उपयोग के रूप में हाई स्पीड इंटर नेट,डिजिटल पहचान अंकित करने का ऐसा उदगम स्थल जो अनोखा आनलाईन और हर नागरिक के लिये प्रमाणित करने योग्य है। मोबाईल फोन व बैक खाते की ऐसी सुविधा जिससे डिजिटल व वित्तीय मामलों में नागरिकों की भागीदारी हो सके। नगाकरिकों को शासकीय दस्तावेंजो या प्रमाण पत्रों आदि को उनकी मौजूदगो के बिना भी भरा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी द्वारा तकनीक के माध्यम से शासन प्रशासन में सुधार लाने ई-ग्वरनेस लागू किया गया है। सरकार की सोच ग्रीन सिटी,क्लीन सिटी व ई-सिटी बनाने की है। ताकि शहर स्मार्ट सिटी का रूप ले सके। राजनांदगांव शहर को भी स्मार्ट सिटी बनाने हमारे पास साधन संसाधन है। हमारा शहर राजा जमाने से व्यवस्थि बसा हुआ है। इसी परिकल्पना के आधार पर स्मार्ट सिटी बनाने की कोशिश कर सकते है। जिसके लिये 6 जुलाई को शहर के 8 सुरक्षित स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है तथा युजर चार्जेस के अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही राजस्व कर वसूलने सारे डिमान्ड आनलाईन किया जा रहा है। ताकि नागरिक अपना कर नेट के माध्यम से देख सके। इसके लिये मोहर्रिरों को कम्प्यूटर शिक्षा भी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि शहर में वाई फाई सुविधा उपलब्ध कराने बजट में प्रावधान किया गया था,जिसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत शहर के प्रमुख स्थानों में उक्त सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शहर के मान्यता प्राप्त कालोनियों में भवन अनुज्ञा नेट के माध्यम से आनलाईन करेगे। इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से डिजिटल इंडिया कार्यक्रम प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी व आभार प्रदर्शन सहायक अभियंता श्री जयनारायण श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण,पार्षदगण,नामांकित पार्षदगण सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ***महापौर ने की निजी शौचालय निर्माण कार्य की समीक्षा***
## ***छुटे हुये हितग्राही 13 जुलाई तक निगम में आवेदन करें***

राजनांदगांव 5 जुलाई। महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा कल घर घर निजी शौचालय निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को शौचालय निर्माण कार्य में तेजी लाकर अतिशीघ्र निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की 2019 तक शहरो को खुले में शौच मुक्त शहर बनाने की मंशा को सफल बनाने मख्यमंत्री डॉ रमन सिंह,नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अमर अग्रवाल एवं सांसद श्री अभिषेक सिंह के निर्देशन पर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा राजनांदगांव नगर निगम सीमा क्षेत्र में लगभग 10 हजार निजी शौचालय निर्माण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके क्रियान्वयन की कड़ी में आयुक्त श्री टी.के.वर्मा द्वारा निजी शौचालय निर्माण हेतु डोर-टू-डोर सर्वे व आवेदन प्राप्त करने दलो का गठन किया गया था। दलों द्वारा एकत्रित आवेदन के आधार पर वार्डो में निजी शौचालय निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है।

महापौर श्री यादव ने बताया कि नगरीय निकाय क्षेत्र में निवासरत समस्त आय वर्ग के लगभग 10 हजार परिवार जिनके आवासगृह में निजी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है एवं अनुपयुक्त निर्मित जीर्ण शीर्ण शौचालय है तथा अस्वस्थ्य शौचालय है,उनके यहा शाचालय निर्माण किया जावेगा। जिसके लिये शासन द्वारा देय 18 हजार रूपये एवं हितग्राही द्वारा देय 2000 रूपये देय होगा। जिसके लिये प्रथम चरण 2014-15 में वार्डो में 700 हितग्राहियों के घर शौचालय निर्माण किया जाना है। इसी कड़ी में हल्दी के लगभग 200 घरों में निजी शौचालय निर्माण कर शौचमुक्त वार्ड बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिये हितग्राहियों को अधिकार पत्र दिया जा चुका है और शौचालय निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि निजी शौचालय निर्माण हेतु जिन हितग्राहियों द्वारा आवेदन व निर्धारित शुल्क जमा किया है उनके घर शौचालय निर्माण कार्य प्रारंभ कराये एवं जहां निर्माण कार्य प्रारंभ है वहां कार्य में तेजी लाकर अतिशीघ्र पूर्ण कराये। उन्होंने कहा कि वार्डो में जाकर सर्वे करे और सार्वजनिक स्थानों जैसे सड़क,नाला नाली,उद्यान गौठान आदि को छोड कर निवास करने वाले शौचालय विहिन घरों मे भी शौचालय निर्माण कर सकते है। इसमें भूमि स्वामित्व संबंधी दस्तावेंज की अनिवार्यता नहीं है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि जिनके घर में शौचालय नहीं है और उनके द्वारा आवेदन नहीं जमा नहीं किया गया है। वे व्यक्ति नगर निगम के सामान्य काऊण्डर में 13 जुलाई तक कार्यालयीन अवधि में आवेदन जमा कर सकते है। बैठक में निगम आयुक्त श्री टी.के.वर्मा,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा,प्र.सहायक अभियंता श्री कामना सिह यादव सहित उप अभियंतागण एवं सामुदायिक संगठक उपस्थित थे।

## *नगर निगम द्वारा आज 2500 पौधे रोपे गये*

## *कौशल उन्नयन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण*



राजनांदगांव 6 जुलाई । नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा पर्यावरण संवर्धन के दृष्टिकोण से निगम सीमा क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत आज आडिटोरियम,लखोली सरेखीन तालाब,शिवनाथ कालोनी,जनता कालोनी,ममता नगर,नीलगिरी पार्क,सृष्टि कालोनी,कन्हारपुरी में वृक्षारोपण के तहत लगभग 2500 पौधे रोपित किये गये तथा आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत कौशल उन्नयन के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम का प्रारंभ आज प्रात: 10 बजे आडिटोरियम में छ.ग.बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद जी पारख के आतिथ्य में किया गया। इसके पश्चात 11 बजे से शहर के विभिन्न उद्यानों व स्थानों जैसे लखोली सरेखीन तालाब के पास छ.ग.राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा के,लखोली जनता कालोनी व सृष्टि कालोनी में महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा के,नीलगिरी पार्क में समाज सेवी श्री सुरेश एच.लाल के,कन्हारपुरी में राजगामी संपदा के अध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल के,ममता नगर में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री भरत वर्मा के एवं शिव नाथ कालोनी कंचन बाग में पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत के आतिथ्य में वृहद वृक्षारोपण किया गया। वृक्षरोपण की कड़ी में कदम,नीम,अशोक, आवला,बहेरा,पारिजात,करंज आदि के सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये गये।

आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि छ.ग.बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद जी पारख,महापौर श्री मधुसूदन यादव,राजगामी संपदा के अध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल,निगम अध्यक्ष श्री शिव वर्मा द्वारा स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योगमंत्री स्व.डॉ. श्यामा प्रसाद मुकर्जी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात निगम आयुक्त श्री टी.के.वर्मा सहित पार्षदों सर्वश्री देवशरण सेन,पारस वर्मा,बलवंत साव,धीरज घोडेसवार,मनोज लोढा,भगवान दास सोनी,अतुल रायजादा,श्रीमती रेणु शर्मा,मुकेश ध्रुव,सुरज नायक,दीपक चौहान,देवेश देवांगन,सुश्री शैल यादव,शंकर पटेल,गप्पू सोनकर,श्रीमती जमुना साहू,सुश्री मणीभास्कर गुप्ता,शेखर यादव,प्र.कार्यपालन अभियंता श्री दीपक जोशी,सहायक अभियंता श्री जयनारायण श्रीवास्तव,परियोजना अधिकारी श्री पंकज सोलंकी व श्रीमती सुषमा मिश्रा,श्रम अधिकारी श्री पटेल द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया।



मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री खूबचंद पारख ने कहा कि भारत के प्रथम उद्योगमंत्री स्व.डॉ. श्यामा प्रसाद मुकर्जी के जयंती के अवसर पर नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करना सहरानी प्रयास है। वृक्ष लगाने के साथ साथ इसकी सुरक्षा का भी प्रबंध निगम द्वारा किया जाना चाहिये,तभी इसकी सार्थकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा नागरिको सहित गरीबो के लिये अनेक लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जैसे केन्द्र सरकार द्वारा जनधन योजना,बीमा योजना के अलावा डिजिटल इंडिया जैसे जन कलयाण कारी योजनाएं संचालित कर रही है। उसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा भी गरीबो के लिये अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्री शहरी अजीविका मिशन के तहत शहरी गरीबो के सवांगीण विकास के लिये गरीबो को प्रशिक्षण देकर रोजगार दिया जा रहा है। इसी कडी में आज प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया। मै इसके लिये नगर निगम को शुभकामनाएं देता हूँ।

महापौर श्री यादव ने कहा कि आज भारत के पहले उद्योग मंत्री स्व.डॉ.श्यामा प्रसाद मुकर्जी के जयंती के अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण प्रारंभ किया जा रहा है। साथ ही स्टील डव्लपमेंट के तहत कौशला उन्नयन कार्यक्रम की सुरवात कर रहे है एवं प्रशिक्षण प्राप्त लोागों प्रमाण पत्र वितरण कियाजा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के तहत शहर के उद्यानों व सुरक्षित स्थानों पर लगभग 2500 पौधे रोपित किये जा रहे है। ताकि ये पौधे वृक्ष का रूप ले सके। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र के नागरिक एक –एक पौधे के सुरक्षा की जिम्मेदारी ले ले तो यह पौधा वृक्ष का रूप लेलेगाा। आगामी दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों पर भी वृक्षा रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी द्वारा अनेक जनकल्याण कारी योजनाएं संचालित की जारी है। कौशल उन्नयन के तहत लोगों को प्रशिक्षण देना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि प्रशिक्षण उपरांत रोजगार मिलना प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिये हम प्रशिक्षण केन्द्रों में कैम्पस सलेक्शन की व्यवस्था करेंगे। इसी प्रकार महिला समुहो को भी विभिन्न प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार देकर उनका जीवन स्तर सुधारने का प्रयास करेगे। कार्यक्रम में श्री संतोष अग्रवाल व श्री शिव वर्मा ने भी इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों व वेण्डर सहायता कार्यक्रम अंतर्गत वेण्डरों को परिचय पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण आयुक्त श्री टी.के.वर्मा ने, आभार प्रदर्शन श्री दीपक जोशी व संचालन पार्षद श्री देवशरण सेन ने किया। विभिन्न स्थानों मं आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में छ.ग.राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा सहित श्री संतोष अग्रवाल,श्री सुरेश एच लाल,श्री भतर वर्मा,श्री कोमल सिंह राजपूत ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहा कि वृक्षों की सुरक्षा करना नगर निगम का ही दायित्व नहीं है, बल्कि हम और आप सभी का दायित्व है। क्योकि आज के इस औद्योगिक युग में खूली हवा में सास लेने के लिये वृक्ष लगाने की अत्यंत आवश्यकता है। विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्र के पार्षद,श्री मुकेश बघेल,श्रीमती गिरजा निर्मलकर,पोषण साहू,शंकर पटेल,गप्पू सोनकर,श्रीमती देवबती साहू,श्रीमती दुलारी बाई साहू,श्रीमती विक्रमा नेताम,श्रीमती सुनिता साहू,नामांकित पार्षदगण श्री ओमप्रकाश अग्रवाल,रमेश नारायणी,तोरण देवांगन,संजय लडवन,सुश्री पारूल जैन,श्रीमती अनिता सोनवानी,पूर्व पार्षद श्री घनश्याम साहू के अलावा सभी सामुदायिक संगठक,महिला समुह सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## *नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राचार्यो की बैठक*



राजनांदगांव 7 जुलाई । नगर निगम के सभागृह में गत दिवस स्वच्छ भारत मिशन के क्रियान्वयन की कड़ी में महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में नगर निगम सीमा क्षेत्र के शासकीय व अशासकीय शालाओं के प्राचार्यो की बैठक आहुत की गयी।

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई,घर घर शौचालय निर्माण,पालीथीन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के अलावा वृक्षारोपण किये जाने के संबंध में अपनी शाला के शिक्षकों व विद्यार्थियों को अवगत कराये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र

मोदी के स्वच्छ भारत मिशन व शौच मुक्त शहर की परिकल्पना को सकार करना है। इसके लिये आप सब की सहभागिता आवश्यक है। आप लोगों की इस अभियान में जुडने से शिक्षकों व विद्यार्थियों के माध्यम से हजारों लोग इससे जुडेगे।

महापौर श्री यादव ने कहा कि स्कूलों में प्रार्थना के समय 5 मिनट विद्यार्थियों को साफ सफाई,शौचालय निर्माण,पालीथीन के उपयोग नही करने व वृक्षारोपण करने के संबंध में अवगत कराये। उन्होंने कहा कि घर एवं उसके आस पास साफ सफाई रखने कचरा निर्धारित स्थान पर फेकने के अलावा पालीथीन के उपयोंग नहीं करने की जानकारी दे तथा बतावे कि पालीथीन नाली में डालने से नाली जाम कर कीटाणू पैदा करते है,जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है तथा जानवरों द्वारा पालीथीन खाने से उनके स्वास्थ्य पर बूरा असर पड़ता है,साथ ही पर्यावरण की दृष्टिकोण से भी बहुत नुकसानदायक है। साथ ही जिनके घर में शौचालय नहीं है उनके घर में शैचालय निर्माण कराने प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि वृक्ष की महत्ता के बारे में विद्यार्थियों को बताये कि आज के आद्योगिक युग में वृक्ष बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वृक्षों के कारण ही हम खूली हवा में सास ले सकेते है। वृक्षारोपण के लिये पैरित करे और इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हर विद्यार्थियों को लेने अवगत कराये।

बैठक में आयुक्त श्री टी.के.वर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.एल.कुर्रे ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सहायक विकास खण्ड अधिकारी श्री यू.एस.भारतद्वाज,नगर निगम के शिक्षा सचिव श्री संजीव मिश्रा सहित प्राचार्यगण उपस्थित थे।

***संपादक/प्रकाशक***
***सहाकय जन सम्पर्क अधिकारी***
***नगर पालिक निगम,राजनांदगावं***